केन्द्र व उत्तरांखण्ड सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

♦वर्ष 25 ♦अंक 309 ♦पृष्ठ 16 ♦रूद्रपुर(उधमसिंहनगर) ♦ शुक्रवार ♦15 अगस्त 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# देवभूमि में शान से मना आजादी का जश्न

देहरादून/रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश भर में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। देहरादून में परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर सीएम धामी ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस मौके पर सीएम धामी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। वहीं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने भी सभी प्रदेश एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सीएम धामी ने मुख्यमंत्री आवास और भाजपा प्रदेश कार्यालय पर भी ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देश की आजादी एवं माँ भारती की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले महानायकों का स्मरण किया। प्रदेश के धराली और अन्य क्षेत्रों में आपदा से जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर बलिदानियों के सपनों के अनुरूप देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत की स्वीकार्यता बढ़ी है। उनके नेतृत्व में देश में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। उत्तराखंड में नवनिर्माण और पुनर्निर्माण के कार्य तेजी से हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प के साथ कार्य कर रही है। आगामी 25 वर्षों की योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। जन सहयोग से उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण के दौरान राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, राज्य सभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी भी मौजूद रहे। वहीं राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने देश व प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनके त्याग, बलिदान, शौर्य और संघर्ष के बल पर हमें आजादी प्राप्त हुई है। राज्यपाल ने कहा कि भारत ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन रहा है, यह आत्मनिर्भरता हमारे विकास का आधार है। राज्यपाल ने कहा कि डिजिटल स्वदेशी यानी अपने डेटा, सॉफ्टवेयर और तकनीक पर निर्भर रहना जरूरी है, क्योंकि यह हमारी अर्थव्यवस्था और सुरक्षा दोनों के लिए अहम है। उन्होंने कहा कि आने वाले 22 साल भारत के लिए आर्थिक और तकनीकी रूप से मजबूत बनने का सुनहरा समय है। आज दुनिया में मुकाबला तकनीक, अर्थव्यवस्था और नवाचार के स्तर पर हो रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय की सबसे बड़ी ताकत है, जो स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, परिवहन और रक्षा जैसे सभी क्षेत्रों में बदलाव ला रही है। उन्होंने युवाओं को तकनीक और नवाचार में आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए विश्वास जताया कि 2047 में भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया के सामने खड़ा होगा। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद देवभूमि निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। योग, आयुर्वेद, हनी, अरोमा और वेलनेस जैसे क्षेत्रों में यहां अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें आर्थिक अवसरों में बदलना हमारी साझा जिम्मेदारी है। कृषि, जैविक खेती और औद्यानिकी को सशक्त बनाने हेतु राज्य सरकार के प्रयासों की भी प्रशंसा की। राज्यपाल ने कहा कि मातृशक्ति और बेटियों की प्रतिभा पर हमें बेहद गर्व है। उनकी मेहनत, साहस और प्रतिभा प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। उन्होंने युवाओं और महिलाओं के कौशल विकास के साथ-साथ नई तकनीकों एआई, स्पेस, साइबर, क्वांटम और रोबोटिक्स में सहभागिता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी कौशल किशोर शुक्ल, एडीसी अमित श्रीवास्तव, मेजर सुमित कुमार शादिजा, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. महावीर सिंह एवं डॉ. ए.के. सिंह सहित राजभवन में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। उधर मुख्य सचिव आनंद वधन ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया। कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर धन सिंह रावत ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों और अमर शहीदों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि यह हमें देश की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए कर्तव्यनिष्ठा, सेवा भावना और राष्ट्रभक्ति के संकल्प को और अधिक दृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विकसित उत्तराखंड,सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। **रूद्रपुर**–जनपद में 79वां स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। कलेक्ट्रेट व सिटी क्लब में जिलाधिकारी (शेष पृष्ठ 15 पर)













## जिपं चुनाव: मतगणना पूरी परिणाम की घोषणा स्थगित

नैनीताल। जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान से पहले हाईवोल्टेज ड्रामा के बाद राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के बाद मतगणना पूरी कर ली गई है, अलबत्ता परिणाम की घोषणा स्थगित की गई है। मतगणना से संबंधित अन्य जरूरी दस्तावेज को ट्रेजरी में सील बंद कर रख दिया गया। 18 अगस्त को हाई कोर्ट के निर्देश पर इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। बीती पूरी रात जिला पंचायत चुनाव परिणाम को लेकर असमंजस बरकरार रहा, तड़के 5 बजे चुनाव आयोग के पर्यवेक्षक, जिलाधिकारी वंदना की उपस्थिति में मत पेटी पर पड़े मतों की गणना करते हुए सील कर दिया गया। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी की गई। दरअसल जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के लिए मतदान से पहले कांग्रेस समर्थित पांच सदस्यों के कथित अपहरण के बाद सियासी बवाल खड़ा हो गया। कांग्रेस की ओर से नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सहित अन्य कांग्रेसजन हाईकोर्ट पहुंचे और अर्जेंट सुनवाई की मांग की। कोर्ट के आदेश पर एसएसपी व जिलाधिकारी कोर्ट में पेश हुए। हाई कोर्ट की ओर से सुनवाई के दौरान कड़ी टिप्पणियों के बीच आधिकारिक आदेश में जिलाधिकारी की ओर से दुबारा मतदान से संबंधित बयान का उल्लेख नहीं होने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग को मामला रेफर किया गया। आयोग व जिला स्तर तक का पत्राचार आधी रात के बाद तक चलता रहा। गुरुवार रात तक निर्वाचन आयोग की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारी को मतगणना करने या मौजूदा चुनाव को रद कर दुबारा मतदान को लेकर स्पष्ट निर्देश जारी नही किए गए। आयोग के पत्र मिलने के बाद स्थिति साफ करने को फिर से रिमाइंडर भेजा गया जिसके बाद आयोग की ओर मामले में अपने स्तर से निर्णय लेने को (शेष पृष्ठ 15 पर)

## एसएसपी कार्यालय पर गरजे कांग्रेसी

### पुलिस प्रशासन पर लगाया दबाव में काम करने का आरोप,कप्तान को हटाने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल में जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव के दौरान हुए बवाल ने राजनीतिक माहौल गरमा दिया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि चुनाव के दौरान जिला पंचायत कार्यालय के बाहर से कांग्रेस समर्थित पांच जिला पंचायत सदस्यों का हथियारों के बल पर अपहरण किया गया और नेता प्रतिपक्ष व विधायकों के साथ अभद्रता की गई। इस घटना के विरोध में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ता एसएसपी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। धरना स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। कांग्रेस नेताओं ने पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन पर भाजपा के दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और एसएसपी नैनीताल को शीघ्र हटाने की मांग की। धरने के दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ पुलिस और जिला प्रशासन ने लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदान के लिए आए कांग्रेस समर्थित पांच जिला पंचायत सदस्यों का अपहरण पुलिस की मौजूदगी में हुआ, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रही। यशपाल आर्य ने बताया कि अपहृत पंचायत सदस्यों के साथ मारपीट की जा रही है, जिससे उनके परिजन भी बेहद परेशान हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक अपहृत सभी पंचायत सदस्यों को बरामद नहीं किया जाता, तब तक कांग्रेस का धरना जारी रहेगा। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि इस मामले का संज्ञान न्यायालय ने भी लिया है, फिर भी पुलिस प्रशासन अब तक लापता पंचायत सदस्यों का कोई सुराग नहीं लगा पाया है। इसके उलट, पुलिस कर्मियों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ अभद्रता करने का भी आरोप लगाया गया है। धरना स्थल पर हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे और सरकार के खिलाफ जोरदारनारेबाजी की।



# रूद्रपुर ब्लॉक में निर्दलीय रीना गौतम ने लहराया परचम

## गदरपुर में ज्योति ग्रोवर ब्लॉक प्रमुख निर्वाचित

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। रूद्रपुर ब्लॉक प्रमुख की प्रतिष्ठा की बनी कुर्सी पर आखिरकार भाजपा की बागी व निर्दलीय प्रत्याशी रीना गौतम ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी ममता जल्होत्रा को 10 मतों से पराजित कर कुर्सी पर कब्जा कर लिया। हालांकि बागी प्रत्याशी रीना गौतम को चुनाव मैदान से हटने के लिए पार्टी के तमाम नेताओं ने अंतिम समय तक पूरा प्रयास किया था परंतु अपनी जीत के प्रति आश्वस्त रीना गौतम ने नामांकन वापस लेने से साफ इंकार कर दिया था। 14 अगस्त को हुए मतदान परिणाम में आखिरकार रीना गौतम की ही जीत हुई और उन्होंने भाजपा समर्थित प्रत्याशी ममता जल्होत्रा को 10 मतों से पराजित कर भाजपा नेताओं को यह दिखा दिया कि वह ही ब्लॉक प्रमुख की वास्तविक दावेदार थीं। लेकिन उन्हें पार्टी प्रत्याशी नहीं बनाया गया। मतदान में रीना को 25 व ममता को 15 मत हासिल हुए। नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख रीना भाजपा ग्रमीण मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र गौतम की धर्मपत्नी हैं। वहीं ज्येष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख पद पर संजय सिंह ने जितेन्द्र कौर को 12 मतो से पराजित किया। संजय सिंह को 26 व जितेन्द्र कौर को 14 मत मिले। जबकि कनिष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख पद पर भारती देवी ने पूजा को 10 मतों से हराया। भारती देवी को 25 व पूजा को 15 मत मिले। चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही विजयी प्रत्याशियों व उनके समर्थकों में ,खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम, ज्येष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह व कनिष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख भारती देवी का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। **गदरपुर-** विकासखण्ड गदरपुर ब्लॉक प्रमुख सीट पर भाजपा की ज्योति ग्रोवर ने बाजी मारी। उन्हें कुल 40 मतों में 22 मत मिले जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय जसविन्दर कौर को 18 मत मिले। वहीं ज्येष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख पद पर कमलजीत कौर विजयी रही। उन्हें 22 मत व विनोद कुमार को 18 मत मिले। जबकि कनिष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख पद पर रीमा पाईक विजयी रही। उन्हें 22 व सरिता चौधरी को 18 मत मिले। रिटर्निंग ऑफीसर शैलेन्द्र गहलोत ने सभी को जीत के प्रमाण पत्र दिये। चुनाव परिणाम के बाद विजयी प्रत्याशियों के साथ समर्थकों ने नगर में ढ़ोल बाजों के साथ विजयी जुलूस निकाला। जिसमें रूद्रपुर विधायक शिव अरोरा, प्रीत ग्रोवर, गुंजन सुखीजा, मिंटू गुम्बर, सुभाष गुम्बर सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।





# क्रांतिकारियों के बलिदान से मिली आजादी : चुघ

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस हर जगह धूमधाम से मनाया गया। तमाम स्कूलों, सरकारी प्रतिष्ठानों और निजी संस्थानो पर ध्वजारोहण किया गया और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गई। वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने भी प्राइमरी विद्यालय खेड़ा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेड़ा ,श्री भंजूराम अमर इंटर कॉलेज भूरारानी, श्री अमर इंटर कॉलेज ध्वजारोहण कियाऔर जिला भाजपा कार्यालय में भी ध्वजारोहण में सहभागिता की। श्री चुघ ने कहा कि आज देशवासी 79 में स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहे हैं जो हमें देश के वीरों और क्रांतिकारियों के बलिदान से मिला है तभी हम आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह भूलना नहीं चाहिए कि देश की आजादी का कितना बड़ा महत्व है और सदैव उन बलिदानियों के बलिदान को नमन करना चाहिए जिन्होंने इस देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व झोंक दिया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और हर क्षेत्र में अपना अतुलनीय योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष आज आत्मनिर्भर बनने की दिशा की ओर अग्रसर है।देश का युवा विकसित भारत बनाने के लिए अपना योगदान दे रहा है और महिला शक्ति भी आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को अपने देश की स्वतंत्रता को सदैव स्मरण रखना चाहिए और राष्ट्रहित में अपना योगदान देना चाहिए तभी मजबूत और सशक्त भारत का निर्माण होगा। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को अपनी मां को समर्पित करते हुए एक पेड़ मां के नाम के अभियान को भी आगे बढ़ाया और अपनी मां की स्मृति में पौधारोपण किया तथा स्कूली बच्चों से आवाहन किया कि जो भी बच्चे अपने घर या आसपास क्षेत्र में पौधारोपण करना चाहते हैं वह उनके सहयोग से पौधारोपण कर सकते हैं, क्योंकि आज अंधाधुन पेड़ों के कटान के कारण जलवायु में असंतुलित परिवर्तन हो रहा है और हमारा स्वतंत्रता दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब हम लोग प्रण ले की सभी बच्चे अध्यापक अध्यापिकाएं स्टाफ एक-एक पेड़ अपनी मां के नाम अवश्य अपने प्रतिष्ठान अपने घर अपने आंगन अपनी छत पर लगाए। इस दौरान प्रधानाचार्य के के शर्मा, पार्षद सुनील बाबा, पार्षद पिंटू पाल, प्रधानाचार्य सएनएल गंगवार, मनीष गुप्ता, बलदेव छाबड़ा, सुरेश गांधी, मोहन खेड़ा, गुड्डू पासवान सुनील जड़वानी समेत समाज की गणमान्य लोगों की उपस्थिति में किया।





# लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। डी०डी० चौक स्थित लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के निर्देशक हरेन्द्र सिंह पुरी द्वारा ध्वजारोहण से हुई। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और आजादी का महत्व बताते हुए शहीदों के बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के साथ जिम्मेदार नागरिक बनना भी उतना ही आवश्यक है, तथा देश की प्रगति में हर भारतीय को अपना योगदान देना चाहिए।इसके बाद विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें देशभक्ति नृत्य और समूहगान विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यालय प्रशासिका श्रीमती परविंदर पुरी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस देशवासियों को नए उत्साह और एकता का संदेश देता है। उन्होंने 15 अगस्त 1947 को भारत की आजादी के ऐतिहासिक क्षण को याद करते हुए बच्चों को देशभक्ति की प्रेरणा दी।प्रधानाचार्या श्रीमती गायत्री खन्ना ने भारत की प्राचीन सभ्यता, सांस्कृतिक विरासत और स्वतंत्रता के बाद हुई बहुआयामी प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भारत ने कृषि से लेकर सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस को भारत की एकता और गर्व का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह आजादी सभी जाति, धर्म और वर्गों के संयुक्त संघर्ष का परिणाम है।कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की उपप्रधानाचार्या सिमरन पुरी, वरिष्ठ प्रशासक परविंदर पुरी, प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना और संचालक लक्ष्य शर्मा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





# रेनबो पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की धूम, देशभक्ति गीतों से बांधा समा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रेनबो पब्लिक स्कूल में सुख -शांति एवं समृद्धि का महापर्व भारत का 79 वॉ स्वतंत्रता दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रबंधक संजीव मलिक पिंकी सिंह के नेतृत्व में एन. सी. सी. कैडेटस की सलामी ली एवं परिचय प्राप्त कर डायरेक्टर गीतांजली मलिक, प्रधानाचार्य संजय कुमार अग्रवाल एवं उपप्रधानाचार्या सुश्री स्मिता पाठक सहित ध्वजारोहण किया एवं शहीदों के क चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संगीत प्रशिक्षिका अंशु उपाध्याय एवं प्रशिक्षक अर्जुन वर्मा के निर्देशन में रंगारंग सांस्कृतिक क्रार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसके अंतर्गत कक्षा सात के विद्यार्थियों द्वारा मधुर कण्ठ से गाये गये समूह गान कोटि - कोटि कण्ठों ने गया मॉ का गौरव गान है ...ने देशभिक्त के स्वर का संचार किया। इसके अतिरिक्त देश भक्ति के स्वर का संचार किया। इसके अतिरिक्त नृत्य प्रशिक्षिका श्रीमती वंदना चौधरी एवं सोनाली सरकार के नेतृत्व में छात्राओं द्वारा किए गए देशभक्ति समूह नृत्यों ने दर्शको का मन मोह लिया। छात्रा तमन्ना ने अपनी ओजस्वी वाणी से 15 अगस्त के महत्व पर प्रकाश डाला। एवं महक ने विद्यार्थीयों का देश के प्रति दायित्वों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक श्री संजीव मलिक ने उपस्थित जनसमूह को 79 वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और सबको अपना कार्य निष्ठापूर्वक करते हुए सच्चा राष्ट्रभक्त साबित होने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा - पर्व या त्योहार मानवकी उन्नत भावनाओं के प्रतीक है। विद्यालय और संस्थान इन भावनाओं के प्रकटीकरण और विकास का माध्यम है। अत: हम सबको मिलजुल कर सुख - शांति और समृद्धि के इस महापर्व को मनाना चाहिए और देश की रक्षा के लिए सदैव कटिबद्ध रहना चाहिए। कार्यक्रम का समापन उपप्रधानाचार्या सुश्री स्मिता पाठक के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सुश्री पाठक ने कहा कि उन्हे अपनी अतिरिक्त ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगानी चाहिए जिससे स्वत: ही देश का निर्माण हो जायगा।






# बंगाली समाज के बुजुर्गों को किया सम्मानित

## महापौर विकास शर्मा ने की रूद्रपुर में विभाजन विभीषिका स्मृति पार्क और नेताजी बोस की बड़ी प्रतिमा लगाने की घोषणा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम सभागार में मंगलवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर बंगाली समाज की ओर से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभाजन के दौरान बलिदान देने वाले पूर्वजों को श्रद्धांजलि दी गई और उस त्रासदी को झेलने वाले बंगाली समाज के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि महापौर विकास शर्मा ने आवास विकास में विभाजन विभीषिका स्मृति पार्क और काशीपुर रोड माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में महापौर विकास शर्मा ने कहा कि यह केवल इतिहास नहीं, पीड़ा की जीवंत स्मृति है। 15 अगस्त 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का निर्णय केवल एक तिथि को याद करना नहीं, बल्कि उस असहनीय पीड़ा को पीढ़ियों तक संजोकर रखने का प्रयास है, जिसे हमारे पंजाबी और बंगाली भाई-बहनों ने झेला। लाखों लोगों को अपने पूर्वजों की भूमि, संस्कृति और स्मृतियों को पीछे है जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत लौटे। बंगाली समाज इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। मुख्यमंत्री धामी जी के प्रयास से नागरिकता प्रमाणपत्रों से 'पूर्वी पाकिस्तान' जैसे गुलामी के प्रतीक शब्द को हटाना भी एक ऐतिहासिक निर्णय है। आज सीएम धामी के नेतृत्व में लैंड जिहाद, लव जिहाद, धर्मांतरण के खिलाफ बडे और ऐतिहासिक फैसले लेकर जिहादियों को सबक सिखाने का काम किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि आज हमें अपनी बच्चों क्रांतिकारी सुभाष चन्द्र बोस जी की विशाल प्रतिमा स्थापित की जायेगी। महापौर ने कहा कि सीएम धामी ने रूद्रपुर में बंग भवन स्थापना की घोषणा की थी, जिसके लिए नगर निगम ने स्थान चिन्हित कर लिया है, इसकी भूमि हस्तांतरण के लिए कुछ तकनीकी अड़चनें आ रही हैं इसको लेकर जल्द ही जिला प्रशासन से वार्ता की जायेगी। महापौर ने कहा कि ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में नेताजी सुभाष पार्क को नगर निगम जल्द ही रजत जयंती पार्क के रूप में विकसित करने जा रहा है। इसके प्रतीक है। विभाजन के जख्म आज भी हरे हैं, लेकिन इस समाज ने उन्हें अपनी शक्ति बना लिया है। भाजपा नेता तरूण दत्ता ने कहा कि बंगाली समाज का यह दायित्व बनता है कि आने वाली पीढ़ियों को यह बताया जाए कि आज जो आजादी और अधिकार हैं, वह किस मूल्य पर प्राप्त हुए हैं।भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि यह सिर्फ विभाजन नहीं, मानवीय त्रासदी थी। विभाजन कोई भौगोलिक प्रक्रिया नहीं थी, यह एक मानवीय त्रासदी थी। विधायक शिव अरोरा ने सफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के पश्चात नगर निगम से भगत सिंह चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गयी। कार्यक्रम का संचालन गणेश सरकार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने भगत सिंह चौक तक मौन जुलूस निकाला। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक गोविंद राय, सह संयोजक मानवेन्द्र राय, अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम,शालिनी बोरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, के के दास, सुरेश कोली, रोशन अरोरा, तरूण





गावा चौक पर महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की बड़ी प्रतिमा लगाने की घोषणा की। कार्यक्रम के उपरांत भगत सिंह चौक तक तिरंगा यात्रा भी निकाली गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर विकास शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, भाजपा नेता विवेक सक्सेना, अमित नारंग, बंगाली महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार साहा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने भारत छोड़कर नए सिरे से जीवन शुरू करना पड़ा। धर्म के आधार पर किया गया बंटवारा आज भी हमें पीड़ा देता है। यह इतिहास नहीं, यह हमारे समाज की जड़ों में समाई पीड़ा है। महापौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन कानून के माध्यम से वर्षों से अपने ही देश में पहचान को तरसते लोगों को अधिकार मिले हैं। उन्होंने कहा सीएए ने उन लाखों लोगों को न्याय दिया को अपने इतिहास के बारे में बताना जरूरी है और राष्ट्र विरोधी ताकतों से सावधान रहने की जरूरत है। महापौर ने कार्यक्रम में घोषणा की कि नगर निगम रूद्रपुर द्वारा आवास विकास क्षेत्र में 'विभाजन विभीषिका स्मृति पार्क' की स्थापना की जाएगी। इस पार्क में एक स्मृति शिलापट भी होगा, जिसमें विस्थापित होकर आये पंजाबी और बंगाली समाज के पूर्वजों के नाम अंकित किए जाएंगे। इसके अलावा काशीपुर रोड गावा चौक पर महान लिए 1.60 करोड़ का बजट शासन से मंजूर हो गया है। इसके अलावा बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों में विकास के जो भी काम होने हैं उन्हें भी प्राथमिकता से पूरा कराया जायेगा। कार्यक्रम में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ने कहा कि बंगाली समाज ने विभाजन की त्रासदी के बाद भी अपने आत्मबल और मेहनत के दम पर रूद्रपुर और पूरे उत्तराखंड के विकास में अतुलनीय योगदान दिया है। यह समाज सहनशीलता, परिश्रम और राष्ट्रभक्ति का आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बंगाली समाज और पंजाबी समाज ने विभाजन विभीषिका में जो पीड़ा और दर्द सहा है उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। यह वास्तव में एक बड़ी त्रासदी थी। इसकी भरपाई नहीं की जा सकती। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि महापौर विकास शर्मा, विधायक शिव अरोरा सहित अन्य अतिथियों ने विभाजन की त्रासदी को झेलने वाले बंगाली समाज के वरिष्ठ नागरिकों को शॉल ओढ़ाकर दत्ता, मोहन तिवारी, पारस चुघ, नारायण महाजन, प्रभाष स्वर्णकार, अशोक विश्वास, राजू कोली, कमल पाल, सतनाम सिंह, अखिल विश्वास, निखिल विश्वास, शिव कुमार दास, जुडन मंडल, श्यामल राय, विकास मंडल, मधु सरकार, डॉ. दीपक, तपन साना, राहुल, सरोज राय, नारायण विश्वास, लतिका, श्रीकांत राठौर, सतनाम सिंह, पूरन राय, परिमल राय, मोनू सरकार सहित सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति और नागरिक उपस्थित रहे।

# किच्छा में समाजसेवी देवेंद्र सिंह मंड ने किया ध्वजारोहण

किच्छा(उद संवाददाता)।79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंगलवार को किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के कार्यालय में वरिष्ठ समाजसेवी एवं गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा पुरानी गल्ला मंडी के मुख्य सेवादार सरदार देवेंद्र सिंह मंड ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। राष्ट्रगान गूंजा और देशभक्ति के नारे लगाए गए। विधायक बेहड़ ने देवेंद्र सिंह मंड को शाल ओढ़ाकर और बुके भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए विधायक बेहड़ ने सभी क्षेत्रवासियों व प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश की आजादी असंख्य बलिदानों और क्रांतिकारियों की कुर्बानियों से मिली है, जिसमें हर वर्ग का समान योगदान रहा है। उन्होंने संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि लोकतंत्र को सुरक्षित रखना हर भारतीय की जिम्मेदारी है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि वर्तमान समय में लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर खतरा मंडरा रहा है, जिसे बचाने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। विधायक बेहड़ ने उत्तराखंड के धराली में आई आपदा में मृतकों को श्रद्धांजलि दी और बताया कि सभी विधायक एक महीने का वेतन मांग विधानसभा सत्र में उठाई जाएगी। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, जिला पंचायत सदस्य गुरदास कालड़ा व प्रेम आर्य, किन्नू शुक्ला, लियाकत अंसारी, नजाकत खान, दानिश मलिक, एन.यू. खान, ताहिर मालिक, जीवन जोशी, दलजीत कक्कड़, मोहम्मद आरिफ, हरभजन सिंह, अशोक मित्रा, अख्तर रजा, महेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंधी, सोनी बोरा, संतोष



आपदा राहत के लिए दे रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि आवश्यकता पड़ने पर और सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि किच्छा डिग्री कॉलेज का नाम बाबा भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखने की मेजर सिंह, राजेश प्रताप सिंह, गुलशन सिंधी, सईदुल रहमान, निर्मल सिंह, विनोद पंत, दिलीप सिंह बिष्ट, विजय यादव, लाला यादव, सुनीता कश्यप, पुष्पलता तिवारी, त्रिपत पाल सिंह, दलजीत बग्गा, कर्मजीत सिंह, प्रेमा भट्ट, सिंह, फरियाद शाह, फिरदोश सलमानी, छोटू कोली, हरिओम चौहान, मिस्बाउल कुरैशी, शिवकुमार कठियार, केके कश्यप, परमजीत सिंह, राजकुमार कश्यप, नंदलाल, मुन्ने अहमद समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में जोश के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बुध वार को अपार उत्साह, देशभक्ति और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में सुबह से ही तिरंगे की शान और राष्ट्रगान की गूंज से एकता और गौरव का माहौल बना रहा। छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्टाफ सदस्य एकत्र होकर हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करने पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने प्रेरक संबोधन देते हुए छात्रों से देश की प्रगति में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। समारोह में नमन निषाद,




अनमोलदीप कौर, वैष्णवी और छवि ने हिंदी एवं अंग्रेजी में प्रभावी भाषण देकर स्वतंत्रता दिवस के महत्व को रेखांकित किया। विशेष रूप से वीरांगना झलकारी बाई के साहस और बलिदान पर केंद्रित भाषण को सराहना मिली। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने देशभक्ति गीतों और नृत्यों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता और एकता को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया। आगामी कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में मंचित 'कृष्ण लीला' का मनमोहक प्रदर्शन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें भक्ति गीत और नृत्य ने उपस्थित सभी को भक्ति-भाव में सराबोर कर दिया। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रभक्ति की भावना को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# स्वतंत्रता दिवस पर विधायक ने कई स्थानों पर किया ध्वजारोहण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। 79वे स्वतंत्रता दिवस पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा कई स्थान पर ध्वजारोहण कार्यक्रम शामिल हुए और तिरंगा फहराकर आजादी के इस महान पर्व की समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को शुभकामनाएं दी, विधायक शिव अरोरा ने एलाइंस चौक, फ्रेंड्स एनक्लेव, भाजपा कार्यालय, प्रीत बिहार, ट्रांजिष्ट कैम्प मे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित हुए ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए तिरंगा फहराकर यह आजादी 79 वी वर्षगांठ पर उन वीर सपूतों बलिदानियों आजादी के मतवालों महापुरुषों को याद कर नमन किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि यह स्वतंत्रता दिवस आजादी का दिन केवल हमारी आजादी का उत्सव नहीं बल्कि उन अनगिनत वीरों के साहस, त्याग और बलिदान को स्मरण करने का पवित्र अवसर है, जिन्होंने अपने प्राण



न्यौछावर कर हमें स्वतंत्र भारत का गौरव दिया। आइए, उनके आदर्शों को मार्गदर्शक बनाकर एक सुरक्षित, सशक्त और 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए मिलकर आगे बढ़ें। विधायक ने कहा हमारा कर्तव्य है कि लाखों शहादतों, बलिदानों के बाद यह आजादी का गौरव हमें प्राप्त हुआ इसको बनाए रखते हुए एक मजबूत भारत के निर्माण में अपनी आहुति दें, तो वही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत महाशक्ति बनकर विश्व पटल उभरा है अब वह दिन दूर नहीं जब बहुत जल्दी भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, आज भारत का स्वर्गीण विकास देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक परिश्रम वह पुरुषार्थ से हो पा रहा है देश की जनता नरेंद्र मोदी जैसे नेतृत्व के हाथ में सुरक्षित व विकास के वातवरण को महसूस कर रही है। इस आजादी के पर्व के महत्व को हम अपने युवा पीढ़ी को अवश्य बताएं जिससे आजादी के पर्व की गंभीरता को समझ सके। इस दौरान राजकुमार मुंजाल, राजकुमार चौधरी, राजेश डाबर, हरनाम चौधरी, सुखदेव भल्ला, कमलेश सिंह, विपिन कुमार, रामविश्वास, मनीष गगनेजा व अन्य लोग मौजूद रहे।


समस्त देशवसियों को
स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई
धर्म के नाम अनेक है
नाम में क्या रखा है भाई
सबका मालिक एक है
मा. लाल मौहम्मद
(लाल बादशाह)
वरिष्ठ समाजसेवी, गदरपुर


VOLTAS SMARTAIR INVERTER AC
SHOR KAM, KAAM ZYADA
Haier
GRAVITY
INDIA'S ONLY AI CLIMATE CONTROL AIR CONDITIONERS
Carrier
I NEED EXPERT SAVINGS.
I NEED MY CARRIER.
गुरू माँ GURU MAA ENTERPRISES
RUDRAPUR
8410 888 888


15 अगस्त (स्वतन्त्रता दिवस) के उपलक्ष्य में नगर की समस्त जनता/
क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
"नागरिको से अपेक्षाएं"
1. यह नगर आपका है. इसको स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग प्रदान करे।
2. नागरिक बोध (Civic Sense) हमारे समाज की नीब है. एक जिम्मेदार नागरिक बने।
3. अपने घर का जैविक/अजैविक कूडा अलग-अलग करके ही दे।
4. 01 जुलाई 2022 से पोलीस्टाइरीन, थर्माकोल वस्तुओं सहित पूर्णतः प्रतिबन्धित प्लास्टिक का उपयोग न करे एवं एन्टी लिटरिंग एवं स्पिटिंग नियमों का पालन करे।
5. खुले में शौच न करे, कृपया शौचालय का प्रयोग करें।
6. नगर की सडकों पर अतिक्रमण न करे, और न ही करने दे।
7. निकाय का गृहकर एवं लाइसेन्स शुल्क समय से कार्यालय में जमा कर रसीद प्राप्त करे।
8. जन्म मृत्यु का पंजीकरण, UCC के अन्तगत विवाह का पंजीकरण निर्धारित अवधि के अन्तगत अवश्य कराये।
9. यूजर चार्जेज शुल्क प्रतिमाह कार्यालय में जमा करे।
10. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में अपना सहयोग दे।
सुनील सिंह महर
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत शक्तिगढ़
सुमित मण्डल
अध्यक्ष
नगर पंचायत शक्तिगढ़
सुनीता सरकार
सभासद
सुशीला राय
सभासद
विक्रम सिंह भण्डारी
सभासद
मीना देवी
सभासद
सुबीर सरकार
सभासद
गोविन्द सरकार
सभासद
शीला पोद्दार
सभासद


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनायें
वेद ठुकराल
वरिष्ठ भाजपा नेता, रूद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
अमित मिश्रा 'बिट्टू'
निर्वतमान पार्षद,रूद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों
को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनायें
मीनू कोली
पूर्व अध्यक्ष
ब्लाक किच्छा
दर्शन कुमार कोली
पूर्व अध्यक्ष
नगरपालिका किच्छा

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, गदरपुर

## 5 अगस्त, 2025 स्वतंत्रता दिवस पर नगर पालिका बोर्ड गदरपुर की ओर से

# हार्दिक शुभकामनाएँ

तथा नगर की सम्मानित जनता से निम्न अपेक्षा करती है :-

1. नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।
2. गीला एंव सूखा कूडा घर से ही अलग-अलग दें।
3. पालिका करों एंव देयको के अलावा यूजर चार्ज का समय से भुगतान करें।
4. पालिका सीमान्तर्गत सार्वजनिक मार्गों एंव नालियों पर अतिक्रमण न करें।
5. प्रतिबन्धित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें एंव पॉलीथीन/ थर्माकोल से बने उत्पादों का प्रयोग/विक्रय/भण्डारण न करे।
6. स्वच्छ सर्वेक्षण में सफलता हेतु नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करे।
7. सार्वजनिक स्थानों पर कूडा फेकना एंव थूकना प्रतिबन्धित / दण्डनीय है।
8. डेंगू एंव मलेरिया से बचाव हेतु घर अथवा अपने आस-पास पानी को जमा न होने दें।
9. पर्यावरण के समर्थन मे अपना सहयोग प्रदान करें।

**( बलवंत सिंह रावत )**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
गदरपुर (उधम सिंह नगर)

**( मनोज गुम्बर )**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
गदरपुर (उधम सिंह नगर)

,o Jherh jk/k ek;k okMZ u01] Jherh ujfxl lHkkln okMZ u02] Jh lfpu xqlrk lHkklnokMZ u03] Jh jtr dqekj lHkklnokMZ u04] Jh ijethr flag lHkklnokMZ u05] Jh jeu NkcM+k lHkklnokMZ u06] Jh eqds'k dqekj pkoyk lHkklnokMZ u07] Jherh roLlqe lHkklnokMZ u08] Jh Qjnhu lHkklnokMZ u09] Jherh 'kckuk lHkklnokMZ u010] Jherh fouhrk lHkklnokMZ u011 ,oa leLr ikfydk ifjokj

पत्रांक: 404/ स्वतंत्रता दिवस / 2025

दिनांक : 13.08.2025


समस्त
उत्तराखण्डवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
15TH AUGUST
कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक
शुभकामनाएं
भारत भूषण चुघ
प्रदेश सह संयोजक, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ
रूद्रपुर(उधमसिंहनगर) उत्तराखण्ड


उत्तराखण्ड शासन
समस्त देशवासियों को
79वें
स्वतन्त्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
15 अगस्त
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
नये भारत का नया उत्तराखण्ड
महिला सशक्तिकरण
हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड से उत्तराखण्ड महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार जैविक और प्राकृतिक उत्पादों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध। को-ऑपरेटिव बैंकों और सहकारी समितियों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण। मुख्यमंत्री अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत राज्य के करीब पौने दो लाख गरीब परिवारों को साल में 3 सिलेंडर मुफ्त रिफिल। मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना का हुआ शुभारंभ।
बड़े निर्णय-बड़े प्रभाव
समान नागरिक संहिता, सशक्त भू-कानून, राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30% क्षैतिज आरक्षण, राज्य
विरासत का संरक्षण
केदारनाथ धाम का दिव्य और भव्य पुनर्निर्माण। बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य गतिमान। हरिपुर कालसी में यमुना तीर्थ स्थल का होगा निर्माण। हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर, शारदा कॉरिडोर का होगा निर्माण। मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत प्रथम चरण में 16 पौराणिक मंदिरों को किया जा रहा विकसित। महासू मन्दिन्दिर, हनोल के मास्टर प्लान को दी गई मंजूरी।
पर्यटन
उत्तराखण्ड के जखोल, सूपी, हर्षिल और गुंजी गांवों को भारत सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम के रूप में पुरस्कृत किया

## महिला सशक्तिकरण

हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड से उत्तराखण्ड महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार जैविक और प्राकृतिक उत्पादों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध। को-ऑपरेटिव बैंकों और सहकारी समितियों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण। मुख्यमंत्री अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत राज्य के करीब पौने दो लाख गरीब परिवारों को साल में 3 सिलेंडर मुफ्त रिफिल। मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना का हुआ शुभारंभ।

## बड़े निर्णय-बड़े प्रभाव

समान नागरिक संहिता, सशक्त भू-कानून, राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30% क्षैतिज आरक्षण, राज्य आंदोलनकारियों के लिए सरकारी नौकरियों में 10% एवं सख्त धर्मान्तरण विरोधी कानून, सख्त नकल विरोधी कानून एवं दंगारोधी कानून हुआ लागू। राज्य में साढ़े 6 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि अतिक्रमण से मुक्त।

## युवा-शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार

बीते 4 वर्षों में 23 हजार से ज्यादा युवाओं को मिली सरकारी नौकरी। राज्य में बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की आई कमी। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत अब तक 35 हज़ार लोगों ने शुरु किया स्वरोजगार। नई शिक्षा नीति लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तराखण्ड। उद्यम सिंह नगर के किच्छा में एम्स की सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य गतिमान। राज्य में 207 प्रकार की पैथोलॉजी जांच मुफ्त। अटल आयुष्मान योजना के तहत हर परिवार को मिल रहा हर साल ₹ 5 लाख तक का मुफ्त इलाज।

## सैनिकों का सम्मान

राज्य सरकार द्वारा शहीद सैनिकों के परिजनों को मिलने वाली अनुग्रह अनुदान राशि को बढ़ाकर किया गया 50 लाख रुपये। परमवीर चक्र विजेताओं की अनुग्रह राशि को 50 लाख से बढ़ाकर किया गया डेढ़ करोड़। देहरादून में सैन्य धाम का हो रहा निर्माण कार्य।

विकसित भारत




















## उत्तराखण्ड लिख रहा इतिहास

नीति आयोग द्वारा सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) रैंकिंग में उत्तराखण्ड देश में प्रथम स्थान पर। राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखण्ड ने 103 पदक प्राप्त कर नया रिकार्ड बनाया। प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए नई सौर ऊर्जा नीति, की गई तैयार। सतत प्रयासों से राज्य की जी.एस. डी.पी. में 1.3 गुना और प्रति व्यक्ति आय में 11.33 प्रतिशत की हुई बढोत्तरी। जीएसटी संग्रहण में 14 प्रतिशत की वृद्धि। सौभाग्य योजना के तहत 2.5 लाख हजार परिवारों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन किए गए प्रदान।

## विरासत का संरक्षण

केदारनाथ धाम का दिव्य और भव्य पुनर्निर्माण। बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य गतिमान। हरिपुर कालसी में यमुना तीर्थ स्थल का होगा निर्माण। हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर, शारदा कॉरिडोर का होगा निर्माण। मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत प्रथम चरण में 16 पौराणिक मंदिरों को किया जा रहा विकसित। महासू मन्दिन्दिर, हनोल के मास्टर प्लान को दी गई मंजूरी।

## पर्यटन

उत्तराखण्ड के जखोल, सूपी, हर्षिल और गुंजी गांवों को भारत सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम के रूप में पुरस्कृत किया गया। वाइब्रेट विलेज प्रोग्राम के अन्तर्गत सीमांत के 51 गांवों का चयन कर, किया जा रहा सुनियोजित विकास। राज्य में पहली बार शीतकालीन यात्रा का हुआ शुभारंभ। राज्य में अब तक 4 हजार से अधिक होमस्टे पंजीकृत।

## कनेक्टिविटी

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा केवल 2.5 घंटे में पूरी होगी। गौरीकुण्ड से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से हेमकुण्ड साहिब तक रोपवे निर्माण कार्य को मिली केंद्र सरकार से स्वीकृति। पिथौरागढ़ से पंतनगर, दिल्ली, देहरादून तक शुरु हुई उड़ान सेवा। ऋषिकेश - कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना का कार्य तेजी से गतिमान। नैनीताल, बागेश्वर, मसूरी, चंपावत, गौचर, श्रीनगर, चिन्यालीसौड़, मुन्स्यारी, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा को हेली सेवा से जोड़ा गया। टनकपुर-बागेश्वर रेललाईन पर सर्वे का कार्य हुआ पूरा। उत्तराखण्ड को केंद्र से दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात।

## उद्योग एवं निवेश

एमएसएमई नीतिः नए औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन। ऊधमसिंह नगर के खुरपिया फॉर्म में भारत सरकार द्वारा स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप स्वीकृत। इन्वेस्टर्स समिट में 3.5 लाख करोड़ के एमओयू, 30 निवेश अनुकूल नई नीतियां, अब तक लगभग 1 लाख करोड़ की हुई ग्राउंडिंग।

आओ, मिलकर फहराएँ

# कार्यालय नगर पंचायत
## नानकमत्ता, ऊधमसिंह नगर

### संदेश

1. नगर पंचायत के करो जैसे गृहकर, यूजर चार्ज, लाईसेंस तथा दुकान किराया आदि का समय से भुगतान करें।
2. अपने घरो का कूड़ा सार्वजनिक स्थानो पर ना डालकर कूड़ेदानों में ही डालें।
3. नगर पंचायत क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों में सहयोग प्रदान करते हुए इनमें नजर बनाए रखे एवं बेहतर बनाने के लिए अपनी राय रखे जिससे नगर क्षेत्र को नई दिशा मिल सके।
4. सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर नगर पंचायत की ओर से लगातार लोगो को जागरूक किया जा रहा है साथ ही सभी लोग इसमें नगर पंचायत का सहयोग करे एंव प्लास्टिक का प्रयोग न करें।
5. पॉलिथिन जैसी घातक वस्तु का प्रयोग न करें एवं नगर को साफ रखने में अपना सहयोग दे, साथ ही कोई इसका प्रयोग करते हुए कोई मिलता है तो सीधे इसकी सूचना नगर पंचायत एवं स्थानीय प्रशासन में करें।
6. नगर पंचायत क्षेत्र मे स्ट्रीट लाईटो की व्यवस्था की गयी है इनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी आपकी है इन्हे सुरक्षित रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।
7. नगर पंचायत का उद्देश्य नगर क्षेत्र को स्वच्छ रखते हुए हर वार्ड में नागरिक सुविधाओं का विस्तार हो सके।

**( प्रियंका रैक्वाल )**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत नानकमत्ता

**( प्रेम सिंह टुरना )**
अध्यक्ष
नगर पंचायत नानकमत्ता

पत्रांक : 233/विज्ञापन / 2025 दिनांक : 12.08.2025

# कार्यालय नगर पालिका परिषद
## सितारगंज, ऊधमसिंह नगर

Email: nppstg@gmail.com दूरभाष/ फैक्स : 05948-244120

**15 अगस्त ( स्वतंत्रता दिवस ) के उपलक्ष्य में नगर की समस्त जनता/ क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**

**नागरिकों से अपेक्षाएं**

1. यह नगर आपका है, इसको स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।
2. नागरिक बोध ( Civic Sense ) हमारे समाज की नींव है, एक जिम्मेदार नागरिक बने।
3. अपने घर का जैविक/अजैविक कूड़ा अलग-अलग करके ही दे।
4. 01 जुलाई 2022 से पोलीस्टाइरीन, थर्माकोल वस्तुओं सहित पूर्णत: प्रतिबन्धित प्लास्टिक का उपयोग न करे एवं एन्टी लिटरिंग एवं स्पिटिंग नियमों का पालन करें।
5. खुलें में शौच न करें, कृपया शौचालय का प्रयोग करें।
6. नगर की सड़कों पर अतिक्रमण न करें।
7. निकाय का गृहकर एवं लाइसेंस शुल्क समय से जमा कर रसीद प्राप्त करें।
8. जन्म मृत्यु का पंजीकरण, UCC के अन्तर्गत विवाह का पंजीकरण निर्धारित अवधि के अन्तर्गत अवश्य कराये।
9. यूजर चार्जेज शुल्क प्रतिमाह जमा कर रसीद प्राप्त करें।
10. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में अपना सहयोग दें।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद सितारगंज ( ऊधम सिंह नगर)

पत्रांक : मैमो/न.पा./2024-25 दिनांक: 14.08.2025

# जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, ऊ

पत्राक-302/अ.क./ विज्ञापन /2025-26 दिनांक 14 अगस्त 2025

**'79वें स्वतन्त्रता दिवस-2025 पर आपको अल्पसंख्यक कल्याण विभाग जनपद ऊधमसिंहनगर की ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ'**

**अल्पसंख्यक कल्याण विभाग जनपद ऊधमसिंहनगर की ओर से संचालित ष्अल्पसंख्यक समुदाय हेतु मुख्य कल्याणकारी योजनाएँ**

1. अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं हेतु पूर्व दशम छात्रवृत्ति 100% प्रतिशत ( राज्य पोषित)।
2. मा० मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना।
3. मा० मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना।
4. मदरसा शिक्षा आधुनिकीकरण से सम्बन्धित योजना
5. अल्पसंख्यक विकास निधि योजना।
6. अल्पसंख्यक वाहुल्य क्षेत्रों में विकास सम्बन्धी योजना ।
7. अल्पसंख्यक समुदाय हेतु प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत सुविधाओं का विकारा ( PMJVK )।
8. राय सिक्ख समुदाय के आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं के शैक्षिक उन्नयन हेतु संत केशर सिंह स्मृति सहायताकोष के अन्तर्गत आर्थिक सहायता प्रदान किया जाना।
9. अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना।
10. मौलाना आजाद ऐजुकेशन फाइनेन्स फाउन्डेशन द्वारा व्याजमुक्त शिक्षा ऋण योजना।
11. मुख्यमंत्री हुनर योजना।
12. मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक कर्मचारी व्यक्तिगत ऋण योजना।

**अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा उपरोक्तानुसार योजनाऐं संचालित की जा रही हैं। योजनाओं के लाभ एवं अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकरी,ऊधमसिंहनगर, कक्ष संख्या 119 विकारा भवन, रूद्रपुर में सम्पर्क करने का कष्ट करें।**

**( नन्दिनी तोमर )**
जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, ऊधमसिंहनगर

# कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, ऊधमसिंह

पत्रांक : 1040/ स०क०/ छा०आ०/प्रे०वि०/ 2025-26 दिनांक: 14.08.2025

### प्रेस विज्ञप्ति

जनपद के समस्त शैक्षिक संस्थानों में अध्ययनरत् छात्र /छात्राओं को सूचित किया जाता है कि छात्रवृत्ति हेतु National Scholarship Portal में आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर, 2025 हैं तथा शैक्षिक संस्थाओं से आवेदन को जिला स्तर पर अग्रसारित करने हेतु भी अंतिम तिथि 30 सितम्बर, 2025 है।

अत: समस्त छात्र/छात्राएं व शैक्षिक संस्थाएं उपरोक्त तिथि से पूर्व आवेदन करने का कष्ट करें।

नोट:- आवेदन करते समय छात्र/छात्राएं अधार सीडेड बैंक खाता ही आवेदन पत्र में अंकित करें तथा बैंक से अपने खाते में DBT Enable भी Yes करना सुनिश्चित करें।

**जिला समाज कल्याण अधिकारी**
**ऊधमसिंह नगर**


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश गौरी
वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं निवर्तमान पार्षद,नगर निगम
रुद्रपुर (उधमसिंहनगर)उत्तराखण्ड


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
व
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
INDIA
INDEPENDENCE
DAY
विकास शर्मा
महापौर, नगर निगम रुद्रपुर
श्री पुष्कर सिंह धामी जी
मा. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
नरेश दुर्गापाल (PCS)
मुख्य नगर अधिकारी, नगर निगम, रुद्रपुर


सत्यमेव जयते
भारत सरकार
सभी देशवासियों को
79वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अगर आज दुनिया सोचती है कि भारत एक बड़ी छलांग लगाने के लिए तैयार है, तो उसके पीछे 11 साल का एक शक्तिशाली लॉन्चपैड है।
- नरेन्द्र मोदी
CBC 46101/13/0016/2526
लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण सुबह 6:30 बजे से दूरदर्शन नेटवर्क पर।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## महंगाई पर अंकुश

पिछले कई वर्षों से आम आदमी महंगाई से बेहाल है। उसकी क्रय शक्ति काफी हद तक प्रभावित हुई है। मगर अब यह स्थिति बदल सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीतियों में फेरबदल कर महंगाई को काबू में करने के जो उपाय करता रहा है, उसका असर दिखाई देने लगा है। मंगलवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार खुदरा महंगाई दर बीती जुलाई में घट कर 1.55 फीसद रह गई। यह पिछले आठ साल में सबसे कम है। गौरतलब है कि जून 2017 में जो महंगाई दर दर्ज की गई थी, उस समय यह आंकड़ा 1.46 फीसद था। खुदरा महंगाई में गिरावट आम लोगों के लिए बड़ी राहत है।हमारी अर्थव्यवस्था पर भी इसका बेहतर प्रभाव पड़ेगा। मगर सवाल यह है कि क्या भविष्य में भी महंगाई काबू में रहेगी। जाहिर है इस पर निरंतर नजर रखने की जरूरत होगी। फिलहाल मानसून के दौरान अधिक बारिश, जलाशयों में पर्याप्त जल स्तर और खरीफ की अच्छी बुवाई से कृषि पैदावार बेहतर होने से खाद्य पदार्थों की कीमतों में स्थिरता की उम्मीद की जा सकती है। मगर इस समय खाद्य तेलों के बार-बार बढ़ते मूल्यों पर भी अंकुश लगाने की जरूरत है। इनके दाम पिछले महीने भी बढ़े हैं।कोई दो राय नहीं कि आम नागरिकों का जीवन सुधारने और उनकी क्रय शक्ति बनाए रखने के लिए महंगाई पर स्थायी नियंत्रण होना चाहिए। मुद्रास्फीति में नरमी आंकड़ों में नहीं, बाजारों में दिखनी चाहिए ताकि लोगों को लगे कि उपभोक्ता वस्तुओं और खाद्य पदार्थों के दाम वास्तव में घटे हैं। अनुमान लगाया जा सकता है कि खुदरा महंगाई में नरमी को देखते हुए रिजर्व बैंक की मौद्रिक समिति अपनी अगली समीक्षा बैठक में रेपो दर यथावत रख सकती है, लेकिन यह भी तय है कि मौद्रिक नीति का रुख इस बात पर भी निर्भर करेगा कि महंगाई किसी दिशा में जाती है। मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव के बीच सजग रहना होगा। उम्मीद कर सकते हैं कि उपभोक्ता मांग बढ़ेगी। लोग खरीदारी के लिए प्रोत्साहित होंगे। खुदरा महंगाई घटने का सकारात्मक असर लोगों के जीवन पर पड़ेगा।

# भागवत कथा में धूमधाम से हुआ श्रीकृष्ण रूकमणि विवाह

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री अग्रवाल सभा की नवनिर्मित धर्मशाला में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन निरंतर जारी है। कथा के छठे दिन कथा वाचक सहारनपुर से पधारे मनोज शास्त्री ने रूकमणि विवाह का प्रसंग सुनाया। जिसमें द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण का कथा के साथ ही रूकमणि से विवाह का मंचन भी किया गया। तत्पश्चात बैंड बाजों के साथ बारात निकाली गई। बारात का भव्य स्वागत भी किया गया। इस दौरान मोहन लाल अग्रवाल, ताराचन्द अग्रवाल, गजानन्द बंसल, अर्जुन गुप्ता, रणवीर गुप्ता, बजरंग लाल गर्ग, अमित जैन लोहिया, राजेन्द्र गुप्ता, विजय गर्ग, कैलाश गर्ग, सतीश जैन, गोपाल कृष्ण रूंगटा, ललित गोयल, घनश्याम मित्तल, अशोक मित्तल, विष्णु बंसल, ऊषा श्यामपुरिया, सुषमा अग्रवाल, प्रिया गर्ग, सिल्की, गरिमा, अंजू बंसल, मीना गोयल, डा. रीतू, अनुराधा जैन, ऊषा अग्रवाल, ज्योति, अक्षशी, उमा गर्ग, रचना झुनझुनवाला, पुष्पा गर्ग, मीतू रूंगटा, सोनल, गीता श्याम पुरिया, सुमन मित्तल, मोनिका बंसल, शिवांगी मित्तल, नेहा बंसल, सपना मित्तल, आशा मित्तल आदि मौजूद रहे।





# श्री बालाजी मंदिर में श्री यंत्र की स्थापना 4 अक्टूबर को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंदिर में तीन दिवसीय भव्य समारोह के साथ आगामी 4 अक्टूबर को श्री यंत्र की स्थापना की जाएगी। श्री पाठक ने बताया कि उत्तराखंड में 2 ,3 व 4 अक्टूबर को शहर के रूपनगर स्थित श्री बालाजी मंदिर में मां ललिता देवी को समर्पित श्री यंत्र की स्थापना बार श्री यंत्र की स्थापना की जा रही है। श्री यंत्र 5 किलोमीटर की परिधि में अपनी अद्भुत शक्ति के प्रकाश से क्षेत्र में सुख समृद्धि और शांति को स्थापित




बालाजी मंदिर समिति की आयोजित प्रेस वार्ता में श्री बालाजी मंदिर समिति के मंदिर व्यवस्थापक महंत पूरन चंद 10 महाविद्याओं के साथ की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह अद्भुत सहयोग है कि 10 महाविद्याओं के साथ प्रथम करता है। हर व्यक्ति का जो आध्यात्मिक जगत की तरफ होगा तो यह एक बहुत बड़ा सौभाग्य है कि 10 महाविद्याओं के साथ आलोलिक शक्ति प्रदान करता है। कार्यक्रम सह संयोजक वाराश शर्मा ने बताया 2 अक्टूबर प्रथम दिवस प्रात: 10 बजे से कलश यात्रा श्री शिव मंदिर मुखानी से प्रारंभ होकर बालाजी मंदिर रूपनगर पर संपन्न होगी। तत्पश्चात गणेश पूजन प्रारंभ होगा। द्वितीय दिवस 3 अक्टूबर को प्राण प्रतिष्ठा पूजन किया जाएगा। तृतीय दिवस 4 अक्टूबर को श्री यंत्र 10 महाविद्याओं का स्थापना पूजन और उसके बाद भंडारे को आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यजमान बनने के व कलश यात्रा में शामिल होने के लिए इच्छुक माताएं बहने वह अपना नाम लिखवा कर निशुल्क आई कार्ड प्राप्त कर ले।

# सीएम धामी ने प्रदेशवासियों को दी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

देहरादून (उद संवाददाता) ।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि भगवान श्री कृष्ण का जीवन संपूर्ण मानव जाति को अधर्म, अन्याय एवं अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के जीवन चरित्र और संदेशों से हमें सत्य, प्रेम, त्याग, शांति, सेवा भाव और सद्भावना की भी प्रेरणा मिलती है। उनके उपदेश गीता के रूप में हमें प्रेरित करते हैं। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने मनुष्य को निष्काम कर्म के प्रति समर्पित रहने तथा दीन-दुखियों एवं समाज के उपेक्षित वर्ग के कल्याण का भी संदेश दिया।

# प्रशासन का पुतला फूंक मांगा न्याय

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत 4 अगस्त को गौलापार में 10 वर्षीय किशोर की नृशंस हत्या और उसके बाद पुलिस जांच से रोषित लोगों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को भारी बारिश के बीच भी लोगों का ध जन एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह का कहना था कि जिस तरह से हत्याकांड को अंजाम दिया गया, वह आश्चर्यजनक है। पुलिस का कहना है कि दुष्कर्म में नाकाम होने पर हत्या की गई। जबकि ऐसी बात छिपाने की हत्या का आरोप है और वो जेल में है। किशोर को आरोपी ने तीन टुकड़ों में काटा और इससे पहले उसकी गला दबा कर हत्या की। उसने अपने ही घर के पीछे दो अलग-अलग स्थानों पर सिर, हाथ और धड़ को दफना दिया



रना-प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस जांच को गलत ठहराते हुए जमकर नारेबाजी की और सीबीआई जांच की मांग को लेकर जिला प्रशासन का पुतला फूंका। मृतक किशोर के परिवार के साथ धरना-प्रदर्शन में डटे के लिए कौन हत्यारा शव के टुकड़े-टुकड़े करता है। वहीं किशोर के परिजनों का कहना है कि अब सीबीआई जांच से सही बात निकल कर सामने आएगी। ज्ञात हो कि पश्चिमी खेड़ा गौलापार के निखिल जोशी पर किशोर था। पुतला फूंकने वालों में नानक चंद, हरीश कश्यप, अंकित मौर्य, राजा बाबू, हिमांशु मौर्य, अवनीश, करन, सूरज मौर्य, करन जीना, राहुल मौर्य, विक्रम मौर्य, सुशील मौर्य, नरेन्द्र मौर्य, पीतम मौर्य, आयेंद्र शर्मा, आर. पी. सिंह, विरेन्द्र कुमार मौर्य, अमन, पवन वर्मा, सचिन मौर्य, हर्षित, भूपेश, वेदप्रकाश (बंटी), गणेश मौर्य, सचिन, जयवीर, राहुल मौर्य, राजेन्द्र, महेंद्र पाल, पिंटू, धर्मवीर, सौरभ मौर्य, विनय, गौरव, गौतम, विशाल मौर्य, सत्यवान, सन्तोष, गोपाल, भूपेंद्र, ललित कश्यप आदि थे।

# रामनगर में निर्दलीय मंजू नेगी बनीं ब्लॉक प्रमुख

रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर विकासखंड में हुए ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। निर्दलीय प्रत्याशी मंजू नेगी ने भाजपा उम्मीदवार हंसी जलाल को मात देकर ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया। गुरुवार को संपन्न मतदान और मतगणना के बाद घोषित परिणामों में मंजू नेगी ने 19 मत हासिल किए, जबकि हंसी जलाल को केवल 12 मतों पर संतोष करना पड़ा। रामनगर ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख और कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख पदों के लिए कुल 31 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने मतदान में हिस्सा लिया। चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि ब्लॉक प्रमुख पद पर मंजू नेगी की जीत के साथ-साथ ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख पद पर भी निर्दलीय उम्मीदवार का दबदबा रहा। इस पद पर संजय नेगी ने 20 मत प्राप्त कर अपनी प्रतिद्वंदी कंचन चौधरी को हराया, जिन्हें 11 मत मिले। वहीं, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख पद पर मीना रावत ने 18 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि उनकी प्रतिद्वंदी बसंती आर्य को 12 मत मिले। इस पद पर एक सदस्य ने किसी को भी मत नहीं दिया। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। जीत दर्ज करने वाले सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों की थाप और आतिशबाजी के बीच कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। विजय के बाद नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी और ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने संयुक्त रूप से जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि रामनगर विकासखंड में अब विकास कार्यों को गति देने के लिए पूरी ईमानदारी से काम किया जाएगा।



# गदरपुर में श्रावण मास की भागवत कथा सम्पन्न

गदरपुर(उद संवाददाता)।श्री पुरातन सनातन धर्म मंदिर में श्रावण मास के अवसर पर आयोजित भागवत कथा के विश्राम दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा के सफल समापन के उपलक्ष्य में मंदिर के संरक्षक अजीत भो भुसरी ने व्यास गद्दी पर विराजमान पंडित विजय शास्त्री जी का विशेष धन्यवाद करते हुए उनके ज्ञानपूर्ण प्रवचनों की ने कहा कि कथा के आयोजन में जिस प्रकार सभी ने तन-मन-धन से योगदान दिया, वह सनातन धर्म की जीवंत परंपरा और एकजुटता का प्रतीक भविष्य में भी इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लें, ताकि सनातन धर्म की महिमा आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाई जा



सराहना की।इस अवसर पर उन्होंने मंदिर की कार्यकारिणी समिति, महिला कीर्तन मंडल, युवा मंच एवं सभी सेवादार बंधुओं का भी तहे दिल से आभार व्यक्त किया। अजीत भो भुसरी है।उन्होंने आगे कहा कि कथा श्रवण से न केवल धार्मिक ज्ञान में वृद्धि होती है, बल्कि समाज में आपसी प्रेम और भाईचारा भी मजबूत होता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे सके।कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे और कथा के समापन पर भजन-कीर्तन के साथ प्रसाद वितरण किया गया। पूरा मंदिर परिसर भक्ति-भाव और धार्मिक उत्साह से सराबोर रहा।

# नशे के खिलाफ छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

किच्छा(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय किच्छा में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 'नशा मुक्ति प्रकोष्ठ' व आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में 'नशा मुक्ति अभियान' के तहत एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के अश्वनी पाटिल व श्रीमती रुपा ने छात्र-छात्राओं को तम्बाकू, गुटखा पान मसाला और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के बहु आयामी पक्ष को प्रस्तुत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ नरेश कुमार ने की। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को अपने अधिकारों के साथ -साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूक



होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के नशा मुक्ति प्रकोष्ठ के डा उमराव सिंह व महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ प्रकाश चंद्र भट्ट डॉ विजयानंद व डॉ मनीषा पांडे उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के 40 छात्र-छात्राएं लाभन्वित हुए। कार्यक्रम के अन्त में सभी छात्र- छात्राओं को नशा मुक्ति हेतु एक शपथ दिलाई गई।

# शिक्षण संस्थानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

गदरपुर(उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस की पावन बेला पर सरकारी, अर्ध सरकारी शिक्षण संस्थानों के अलावा सरकारी एवं गैर तहसील मुख्यालय में उप जिलाधिकारी आशिमां गोयल द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस दौरान तहसीलदार लीना चंद्रा एवं समस्त तहसील कर्मी उपस्थित रहे, बठला, किशोर जोशी, एकम बेहड़ द्वारा किया गया इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, महामंत्री संदीप चावला, कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा सहित र्मचंद खेड़ा एवं नरेंद्र सिंह ग्रोवर,गुरु नानक पब्लिक स्कूल में प्रबंधक सुरेंद्र सिंह ग्रोवर एवं प्रधानाचार्य चंपा पांडे, प्रगति पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य सलविंदर सिंह कलसी,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर संजीव सरना एवं ग्राम सरदार नगर में जिला पंचायत सदस्य सिल्की चंदर खेड़ा , ग्राम अकैडमी,रेड रोज कान्वेंट स्कूल,रेड रोज पब्लिक स्कूल ,राजकीय इंटर कॉलेज, शिशु मंदिर, विद्या मंदिर,पी एस मॉडल स्कूल,श्री गुरु हरगोबिंद





सरकारी प्रतिष्ठानों पर ध्वजारोहण करने के उपरांत स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मिष्ठान वितरण सहित प्रभात फेरी तथा देशभक्ति के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ब्लॉक संसाधन कार्यालय में बीडीओ अतिया परवेज, थाना परिसर में थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान तथा नगर पालिका कार्यालय में पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर द्वारा ध्वजारोहण एवं मिष्ठान वितरण करवाया गया। वहीं वही व्यापार मंडल द्वारा भी ध्वजारोहण प्रियांशी सिंह, नेहा तमाम व्यापारी मौजूद रहे स मोनाड पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य नेहा भारद्वाज, श्रीमती प्रेरणा डाबर एवं श्रीमती मीनाक्षी रावत द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। कांग्रेस कार्यालय हजारीलाल पंप समाजसेवी ध योगेंद्र सिंह चौहान, सिटी मॉडल इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य सतीश चंद्र बत्रा, विवेकानंद पब्लिक स्कूल में प्रबंधक खुशहाल रावत, नैनीताल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक सुरेंद्र शर्मा, न्यू रिलायंस पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य प्रबंधक सकैनिया में ग्राम प्रधान मीना देवी द्वारा ध्वजारोहण करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की गईं। इधर किसान सेवा सहकारी समिति,क्रय विक्रय समिति, बाल विकास कार्यालय, प्राथमिक विद्यालय प्रथम एवं द्वितीय, जिज्ञासा पब्लिक स्कूल खेमपुर नवोदय स्कूल, नवयुग विद्या मंदिर,विवेकानंद पब्लिक स्कूल मजरा शीला के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी अर्ध सरकारी कार्यालय एवं शिक्षण संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

## जन सुविधा शिविर में किया जनसमस्याओं का निस्तारण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम के समस्त वार्डों में जन सुविधा शिविर का आयोजन प्रारम्भ किया गया है। प्रथम शिविर नगर आयुक्त श्रीमती ऋचा सिंह, नगर मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, वार्ड 59 के पार्षद रईस अहमद एवं वार्ड 60 के पार्षद संजय पाण्डेय की उपस्थिति में प्रारम्भ हुआ।नगर निगम क्षेत्रांतर्गत प्रतिदिन दो वार्डों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें विभिन्न विभागों की दो टीमों को शिविर स्थल पर नागरिकों को सेवाएं प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया है। गौजाजाली एवं गौजाजाली उत्तर (वार्ड संख्या 59 एवं 60) में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बिजली, पानी, सिंचाई, पूर्ति विभाग, तथा नगर निगम से संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजित शिविर में आधार सेवा के अंतर्गत कुल 42 आधार कार्ड बनाए एवं संशोधित किए गए। विद्युत विभाग में कुल 05 शिकायतें प्राप्त हुईं,



जिनमें से 04 शिकायतें अत्यधिक बिल से संबंधित थीं, जिन्हें मौके पर ही सही बिल जारी कर निस्तारित किया गया, जबकि एक शिकायत चेक मीटर लगाए जाने से संबंधित थी, जिसके लिए आवेदक का पंजीकरण कर आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ की गई। पेयजल विभाग/जल संस्थान के अंतर्गत कुल 07 शिकायतें प्राप्त हुईं, जो अत्यधिक बिल से संबंधित थीं। इन शिकायतों में पेयजल उपभोक्ताओं के मीटर में आ रही समस्याओं की जांच किये जाने की कार्यवाही की गयी। पूर्ति विभाग में राशन कार्ड में पता परिवर्तन, नाम जोड़े जाने एवं ऑनलाइन प्रक्रिया से संबंधित शिकायतों का पंजीकरण कर आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रसारित किया गया। इसके अतिरिक्त, यूनिफॉर्म सिविल कोड के अंतर्गत विवाह पंजीकरण हेतु भी नागरिकों से आवेदन प्राप्त हुए। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में प्रतिभाग करने एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है। 14 अगस्त को प्रातः 10 बजे दोपहर 2 तक वार्ड संख्या 57 मानपुर उत्तर के दिव्य प्रभा पब्लिक स्कूल मयूर विहार धानमिल एवं वार्ड संख्या 58, तल्ली हल्द्वानी के हरी कृपा बैंक्वेट हॉल में शिविर का आयोजन किया गया।

## एनआरएसटी बटरफ्लाई केन्द्र में मना स्वतंत्रता दिवस

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प शिवनगर 1 व 2 में स्थित एनआरएसटी बटरफ्लाई केन्द्र में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर छोटे छोटे बच्चों ने देश भक्ति से ओतप्रोत कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। केन्द्र के जिला समन्वयक महेन्द्र व अनुदेशक नगमा द्वारा बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के इतिहास की विस्तार से जानकारी दी गई और सभी से हमेशा अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर बच्चों की भाषण, नाटक व अन्य प्रतियोगितायें भी आयोजित की गईं जिनके



विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अंत में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों व बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। इस दौरान रूचि, कृति, साक्षा, आरोही, नन्दनी, आशीष, नीलू, पायल, अंजली, राखी, श्वेता सहित बच्चों के अभिभावक मौजूद थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया आजादी का पर्व

सितारगंज (उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में झंडारोहण किया। इस दौरान स्कूलों में विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक और देशभक्ति के कार्यक्रम बच्चों ने प्रस्तुत किए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एसडीएम कार्यालय में एसडीएम रविंद्र कुमार जूवाठा, सिंचाई विभाग कार्यालय में अधिशासी अभियंता, कोतवाली में कोतवाल नरेश चौहान, नगर पालिका परिषद में पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह, एसएम पब्लिक स्कूल में प्रबंधक भुवन चंद्र भट्ट ने झंडारोहण किया। इस दौरान विभिन्न सरकारी और निजी विद्यालयों में



देशभक्ति सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर सभासद सतीश उपाध्याय, फैसल अंसारी, इस्माईल अंसारी, रेहान अंसारी, रवि रस्तोगी, चन्दन श्रीवास्तव, दीपक गुप्ता, अविनाश वाल्मीकि, शिवपाल सिंह चौहान, शाने आलम, सचिन गंगवार, राजेश अरोरा आदि मौजूद रहे।

## अमर योग क्लब ने मनाया आजादी का पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अमर योग क्लब द्वारा आज सिटी क्लब प्रांगण में आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रीय गान गाया गया। वही नगर के बेटी भावना नागपाल ने देश पर व्याख्यान दिया।अमर योग क्लब द्वारा भावना नागपाल को सम्मानित किया गया इस मौके पर योग गुरु अशोक कालरा, अशोक अदलखा, गुलशन नारंग, नरेश घई, राजीव अनेजा, राजकुमार



सीकरी, जतिन नागपाल, विजय फुटेला, राजीव ग्रोवर, राजेश आनंद, विजय सूरी, हरीश गुम्बर, राजेन्द्र श्रीधर, मनोज बठला, हनी ग्रोवर आदि उपस्थित थे

## पेज एक का शेष...

**देवभूमि में शान से मना...**नितिन सिंह भदौरिया ने ध्वजारोहण किया, जबकि विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने संविधान व नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके परिजनों को फूलमाला व अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दर्शन सिंह, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर नारी बूथा देवी, प्रीत कौर सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन अमरजीत सिंह, चन्द्रा सिंह, अमनजीत सिंह, रम्भा सिंह, विजय नाथ, शांति देवी, जीतेश राय, दलबीर सिंह, सोहरन सिंह, आनंद मणि, भगवान सिंह, हरविंदर सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व बलिदानियों को नमन करते हुए कहा हमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की परिकल्पनाओं को साकार करना है व देश समाज के विकास में अपनी पूर्ण सहभागिता निभानी होगी। गरीब तबके का विकास करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा हम सभी को अपने दायित्वों को बखूबी निर्वहन करते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी तभी वीरों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने देश की स्वतंत्रता को अक्षुण बनाये रखने का सभी से आह्वान किया। उन्होने युवाओं से कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए जीवन में आगे बढ़े व समाज में रोल मॉडल बने तथा समाज निर्माण में अपनी भूमिका निभाये। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान के वजह से ही आज हम यहा स्वतंत्र होकर सांस ले रहे है। उन्होने सभी अधिकारियों से अपने दायित्वों का निष्पक्षता से निर्वहन करने व अपने व्यवहार में सादगी रखने का आह्वान किया। उन्होने कहा गरीब जरूरतमंदो को योजनाओं का लाभ पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। सभी अपने दायित्व का निर्वहन करें व गरीब तबके को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं तभी महापुरूषों को सच्ची श्रृद्धांजली होगी।इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दर्शन सिंह, जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट ने अपने विचार रखे व जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी ने देश भक्ति गीत गाया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट, एसीएमओ डॉ0 हरेन्द्र मलिक, डॉ0 संजीव सरना, एएनएम सुश्री सीमा, सहायक अध्यापक अमरजीत बजाज, अपर संख्याधिकारी प्रीति चौपड़ा, अन्वेषक पूजा नयाल, सहायक अध्यापक बृजेश गुप्ता, सहायक कृषि अधिकारी यशपाल सिंह राणा, उप परियोजना निदेशक राजेन्द्र को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। क्रांस कंट्री रेस में ओपन पुरूष वर्ग में सौरभ रावत प्रथम, सोलित कुमार द्वितीय, पुष्कर चन्द्र तृतीय, ओपन महिला वर्ग में अजरा बी पाशा प्रथम, दीपा द्वितीय, गुंजन तृतीय व अराध्या चौहान को सांत्वना पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, सीटीओ डॉ. पंकज कुमार शुक्ल, एसडीएम मनीष बिष्ट, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केके अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ0 अभय सक्सेना, मुख्य उद्यान अधिकारी एसके शर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत श्री भट्ट सहित अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन व अधिकारी तथा कलेक्ट्रेट कर्मचारी उपस्थित थे। उधर नगर निगम परिसर में महापौर विकास शर्मा एवं नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने ध्वजारोहरण किया। इससे पहले महापौर ने गांधी पार्क में तिरंगा प्रभात फेरी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उसके बाद रविन्द्र नगर स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

**जिपं चुनाव...**कहा गया। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से फिर से स्पष्ट दिशा निर्देश मांगे गए। रात करीब डेढ़ बजे एकाएक मतगणना की तैयारी की गई। तड़के फिर जिला पंचायत चुनाव नियमावली सहित हाई कोर्ट के 2019 में एक मामले में पारित दिशा निर्देश के अध्ययन के बाद तय हुआ कि मतगणना की जाए लेकिन परिणाम को रिजर्व कर दस्तावेज सील कर दिये गए। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी वंदना ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि मतगणना पूरी की जा चुकी है, लेकिन परिणाम घोषित नहीं करते हुए रिजर्व किया गया। इस मामले को हाई कोर्ट के समक्ष रखा जाएगा, अग्रिम कार्रवाई कोर्ट के आदेश के अनुसार होगी। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर भाजपा ने दीपा दरमवाल, कांग्रेस ने पुष्पा नेगी, उपाध्यक्ष में भाजपा ने बहादुर नगदली व कांग्रेस ने देवकी बिष्ट प्रत्याशी हैं।


### सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम प्रमोद कुमार (PROMOD KUMAR) से बदलकर प्रमोद कुमार मित्तल (PRAMOD KUMAR MITTAL) रख लिया है। भविष्य में मुझे प्रमोद कुमार मित्तल(PRAMOD KUMAR MITTAL) के नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

प्रमोद कुमार मित्तल पुत्र श्री हरदयाल मल मित्तल, निवासी- 19-ए, मॉडल कॉलोनी, स्ट्रीट नंबर-2, काशीपुर रोड, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

### सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Nityanand Mandal (पुराना नाम) से बदलकर Nitya Nand Mandal (नया नाम) रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

नित्या नन्द मण्डल पुत्र श्री भूपेंद्र नाथ मण्डल निवासी हाउस नं-46/2 लोहिया नगर वार्ड नं-16, गली नं-03, फुल्लुंगा, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड-263153

### सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Ashok Kumar (पुराना नाम) से बदलकर Ashok Kumar Narang (नया नाम) रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

अशोक कुमार नारंग पुत्र श्री देश राज निवासी इंदिरा कॉलोनी गली नं-3 रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड-263153



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ओम अस्पताल एवं मैटरनिटी होम
एमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे
नैनीताल रोड, रुद्रपुर, (ऊ.सिं.नगर) फोन नं. 05944-244660

सावधान!
PC&PNDT ACT, 1994 अन्तर्गत IVF/ART विधि एवं अल्ट्रासाउण्ड मशीन से लिंग चयन कर गर्भधारण करना/करवाना दण्डनीय अपराध है
मुखबिर योजना
के तहत आपको मिलेगा
2 लाख रु. तक का ईनाम

मुखबिर :- 50,000 ₹ ईनाम
गर्भवती महिला :- 1,50000 ₹
संचालक/चिकित्सक को
5 वर्ष तक का कारावास और रू.50 हजार तक का जुर्माना अथवा दोनों, साथ-ही चिकित्सक का मेडिकल रजिस्ट्रेशन हमेशा के लिए रद्द किए जाने का प्रावधान है।
गर्भवती महिला के पति/रिश्तेदार को
5 साल तक का कारावास एवं रू.1 लाख तक का जुर्माना
आप भी जागरुक नागरिक का फर्ज निभाते हुए मुखबिर बन इस अभियान का हिस्सा बनें
जनपद के ऐसे अल्ट्रासाउंड केंद्र जिनके द्वारा लिंग चयन किया जा रहा है अथवा ऐसे लोग जो लिंग चयन करवा रहे हैं जिनकी शिकायत दिए गये निम्न नम्बरों पर करें
05944-250500, 250222 टोल फ्री नं0 -104, 108
मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद- ऊधम सिंह नगर
जिला अधिकारी / जिला समुचित प्राधिकारी (PC&PNDT) जनपद - ऊधम सिंह नगर
सौजन्य से:- चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जनपद -ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड)
डॉ के. के. अग्रवाल
मुख्य चिकत्सा अधिकारी
ऊधम सिंह नगर
नितिन भादौरिया I.A.S
जिलाधिकारी/जिला समुचित प्राधिकारी PCPNDT ऊधम सिंह नगर

# भीमताल में हरीश बिष्ट दुबारा बने ब्लाक प्रमुख

भीमताल।भीमताल में भाजपा प्रत्याशी डॉ. हरीश बिष्ट ने दोबारा चुनाव जीतकर भीमताल ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी अपने नाम की। हरीश बिष्ट को 28 और हिमांशु पांडे को 10 वोट मिले। डॉ. बिष्ट वर्ष 2019 में भी भाजपा से ब्लॉक प्रमुख का चुनाव जीते थे। इस बार भी भाजपा उनपर भरोसा जताया था। बिष्ट की पत्नी गीता बिष्ट भी दो बार भीमताल की ब्लॉक प्रमुख रह चुकी हैं। बिष्ट की पंचायत चुनाव में पकड़ मजबूत होने के चलते भी उन्हें भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया था। बिष्ट ने कहा कि उन्हें चुनाव हराने के लिए काफी प्रयास किए गए लेकिन जनता के बाद बीडीसी सदस्यों ने उनको जीत दिलाई है। उन्होंने कहा कि भीमताल के विकास में वह निरंतर काम करेंगे। जीत के बाद गृह क्षेत्र गेठिया के अलावा वीरभट्टी, ज्योलीकोट में लोगों ने उनका स्वागत किया। वहां प्रधान दान सिंह जीना, जीवन बर्गली, प्रधान नवल आर्य, हरगोविंद रावत आदि थे। उधर बेतालघाट ब्लॉक से निर्दलीय प्रत्याशी अंकित साह ने भाजपा की गरिमा नैनवाल को हराकर जीत हासिल की। गरिमा रानीखेत विधायक प्रमोद नैनवाल के छोटे भाई की पत्नी है। विधायक अपनी बहू को भाजपा से टिकट तो दिला लाए लेकिन जीत नहीं दिला पाए। विधायक ने बहू को चुनाव जिताने के लिए काफी प्रयास किया था। जीत नहीं मिल पाई। वहीं हार के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी ने टिकट देने से पहले धरातल से जुड़े कार्यकर्ताओं की भी राय नहीं ली थी।

बाठला हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर
डॉ. मनप्रीत आनन्द बाठला
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक हिमालयन हॉस्पिटल देहरादून- एम्स दिल्ली
उपलब्ध सुविधायें

- High Risk Pregnancy
- महावारी की अनियमित्ता एवं अन्य समस्याएं
- बच्चेदानी की रसौली (Fibroid)
- अंडाशय की गांठ (Ovarian Cyst)
- बांझपन का ईलाज (Infertility)
- बच्चेदानी का ऑपरेशन (Hysterectomy)
- बार बार गर्भपात होना
- हार्मोनल डिसबैलेंस (PCOD)
- सफेद पानी आना (Leucorrhoea)
- दूरबीन द्वारा इलाज (Hysteroscopy/Laproscopy)
- कैंसर की Screening (LBC, PAP Test)
- बच्चा बन्दी का ऑपरेशन (Tubal Ligation)
- छाती की गांठ (Fibroadenoma)
- पेशाब का लीक होना, बदबू आना
- जलन होना तथा अन्य पेशाब संबंधी समस्याएं
- बच्चा रोकथाम के उपाय (Contraception)
- Menopause की समस्याएं
- Preventive Health Checkup
- हर प्रकार के स्त्री रोगों का ईलाज
- सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन (HPV Vaccination)

सिविल लाइंस, डाक्टर कालोनी, गली नं 02 रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर।
अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क करें- 05944360598, मो. 8445300108

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
INDIA INDEPENDENCE DAY
कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं

सुभाष व्यापारी
जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी
काशीपुर, ऊधम सिंह नगर